प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 11.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रभास पाटन में भव्य **शौर्य यात्रा** का नेतृत्व कियां इसका आयोजन **सोमनाथ स्वाभिमान पर्व** के तहत किया गयां इस दौरान, सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत योद्धाओं के सम्मान में 108 अश्वों की सवारी निकाली गईं अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को हजार साल की यात्रा का पर्व बतायां उन्होंने कहा कि यह देश के अस्तित्व और अभिमान का पर्व हैं विदेशी आक्रांतोओं ने भारत को खत्म करने की लगातार कोशिश की, किन्तु भारत अडिग खडा हैं उन्होंने इस आयोजन को गर्व, गरीमा और गौरव का पर्व बतायां

....

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में किसानों और पशुपालको के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे हैं इसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आये प्रगतिशील किसान और डेयरी संघ के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं प्री बजट संवाद का उद्देश्य किसानों की जरूरतों को समझना और उनके सुझावों और अपेक्षाओं के अनुरूप बजट में प्रावधान करना हैं

....

प्रदेश में बरकरार कड़ाके की सर्दी के बीच आज सीकर के फतेहपुर में पारा माइनस में पंहुच गयां यहां न्यूनतम तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जो सर्दी के इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान हैं नागौर में भी न्यूनतम तापमान माइनस 1 डिग्री सेल्सियस रहां वहीं बीकानेर के लूणकरणसर, झुंझुनूं, सीकर, पिलानी में न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआं अलवर, सिरोही, करौली, दौसा, बीकानेर और श्रीगंगानगर भी शीतलहर की चपेट में हैं तापमान में तेजी से गिरावट के कारण कई जगह खुले इलाकों में बर्फ की हल्की परत भी देखी गईं राज्य के 18 जिलों में सर्द हवाओं और कोहरे का प्रकोप हैं आज सीकर, झुंझुनूं, नागौर और उदयपुर सहित कई जिलों में घने कोहरे का असर रहा और इन स्थानों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रहीं

....

प्रदेश में मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में होने वाली पतंगबाजी को देखते हुए चाइनीज मांझे के उपयोग पर रोक लगाई गई हैं ये सिंथेटिक और धारदार मांझा लोगों और पशुपक्षियों के लिए नुकसानदायक होता हैं इससे दुर्घटनाओं की आशंका रहती हैं पशुपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने भी आमजन से पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे का उपयोग नहीं करने की अपील की हैं

....

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज जोधपुर प्रवास पर रहेंगें राज्यपाल श्री बागड़े पोलोटेक्निक कॉलेज मैदान, मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर के पास आयोजित होने वाले एक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगें

....

भीलवाडा जिले के शाहपुरा में आज खेल अकादमी का शिलान्यास किया गयां युवा और खेल विभाग की ओर से 3 करोड़ रूपये की लागत से ये अकादमी बनाई जायेगीं इससे युवाओं को खेलों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी तथा खेल संस्कृति को बढावा मिलेगां

....

अलवर नगर निगम ने स्वच्छता चौपाल की शुरूआत की हैं नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने इसका शुभारम्भ कियां उन्होंने बताया कि ये चौपाल 27 जनवरी तक चलेगीं इस दौरान शहर के सभी 65 वार्डो में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा और इससे जुडी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगां

....

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में **56वें फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल** में भाग लियां इसमें देशभर से आए युवा नेताओं ने भी भागीदारी कीं ये युवा नेता **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग** में भाग लेने के लिए दिल्ली आए हुए हैं इनमें टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद भी शामिल हैं डॉक्टर मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना संतुलन

सिखाता है और नेतृत्व में संतुलन की ज़रूरत होती हैं उन्होंने कहा कि साइकिल चलाकर युवा धैर्य रखना, गति धीमी करना और बढ़ाना सीख सकते हैं

....